डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
मोहान रोड, लखनऊ 226 017 दूरभाष नं0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in

प्रेषक

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक : 464/ पत्रा.सं0–568 / DSMNRU / वि0परि0 / दशम् बैठक / 2018–19 दिनांकः 08 जून, 2019

**विषयः–डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या–परिषद की दशम् बैठक दिनांक 01 जून, 2019 की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या–परिषद की दशम् बैठक दिनांक 01.06.2019 (शनिवार) में लिये गये निर्णयों की कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का मुझे निदेश हुआ है।

भवदीय

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## के मा0 विद्या परिषद की

## 10वीं बैठक दिनाँकः 01 जून, 2019 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | प्रातः 11:00 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 10वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही।

बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| बिन्दु संख्या | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/10 | **विद्या परिषद की नवम बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा नवम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/10 | **विद्या परिषद की नवम् बैठक दिनांक 05.03.2019 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को नवम् बैठक दिनांक 05.03.2019 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया, जिस पर बिन्दु सं0–4/9 में पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि इण्टर्नशिप विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाय, परन्तु इन्टर्नशिप की अवधि में सम्बन्धित विद्यार्थी को कोई वित्तीय सहायता विश्वविद्यालय द्वारा नही प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई आपत्ति/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। |
| 3/10 | **(अ) अर्थशास्त्र विभाग में एम0ए0 की चतुर्थ सेमेस्टर के विषय कोड ECO-510 को विभक्त कर प्रोजेक्ट/डिर्जेटेशन 50 अंक आधारित मौखिकी के अंक संशोधन के सम्बन्ध में।**<br>**(ब) अर्थशास्त्र विभाग में स्नाकोत्तर पेपर कोड ECO-502, ECO-505, ECO-507 की कुछ इकाईयों के संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अर्थशास्त्र विभाग के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/10 | **अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग में एम0 ए0, चतुर्थ सेमेस्टर में पेपर कोड ENG- 510 प्रोजेक्ट/डिर्जेटेशन 50 अंक आधारित मौखिकी के अंक संशोधन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 5/10 | **कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में एम.सी.ए., पी0एच0–डी0 के संशोधित पाठ्यक्रमों को सत्र 2019–20 में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उपर्युक्त पाठ्यक्रमानुसार प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 6/10 | **आई0टी0 विभाग में एम.एस.सी. (आई.टी.), पी0एच0–डी0, के संशोधित पाठ्यक्रम एवं आन्तरिक तथा वाह्य विषय विशेषज्ञ की सूची के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उपर्युक्त पाठ्यक्रमानुसार प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/10 | Research for Resurgence Foundation से MOU करने हेतु गठित कमेटी की आख्या/ संस्तुति के अनुमोदन सम्बन्ध में। |



(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | निर्णयः—मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि उक्त हेतु गठित समिति द्वारा Research for Resurgence Foundation से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं (फाउन्डेशन की वैधानिक स्थिति, उद्देश्यों, एम0ओ0यू0 में उल्लिखित विषयवस्तु का यू0जी0सी0 विनियमन के साथ क्रियान्वयन की स्थितियां आदि) पर अध्ययन करते हुए विस्तृत रिपोर्ट आगामी विद्या परिषद में प्रस्तुत किया जाय। |
| 8/10 | **ललित कला विभाग में स्वीकृत विषय से अतिरिक्त विषय संचालन के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः— मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त ललित कला विभाग में शैक्षिक सत्र 2019—20 में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों को व्यवस्थित तरीके से संचालित किये जाने हेतु निर्णय प्रदान किया गया तथा पूर्व की त्रुटियों में सुधार करते हुए विधिक प्रक्रिया अपनाने हेतु निर्देश प्रदान किया गया। |
| 9/10 | **विश्वविद्यालय में व्यावसायिक एवं गैर—व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सन्दर्भ में केन्द्रीयत एवं विकेन्द्रीयत प्रस्ताव का अनुमोदन के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः— मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 10/10 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **विश्वविद्यालय के जे0आर0एफ/एस0आर0एफ/अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले शोध छात्रों को यू0जी0सी0 के नियमानुसार कक्षाएं आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः— मा0 विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में कतिपय पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत जे0आर0एफ/एस0आर0एफ/अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार कक्षाएं आवंटित किये जाने हेतु निर्णय प्रदान किया गया। |
| (2) | **हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अन्तर्गत भोजपुरी पाठ्यक्रम को सत्र 2019—20 में संचालन के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः— मा0 विद्या परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2019—20 से हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के अन्तर्गत संचालित **भोजपुरी सर्टीफिकेट तथा परास्नातक डिग्री पाठ्यक्रम** को संचालित नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| (4) | **अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के अन्तर्गत लैंग्वेज लैब की स्थापना एवं 03 माह का सर्टीफिकेट कोर्स संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः— मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के अन्तर्गत लैंग्वेज लैब की स्थापना हेतु पूर्व में लिए गये निर्णयों का समादर करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| अन्य किसी बिन्दु के न आने से बैठक में उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई। | |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

(प्रो० आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ